Roll No. ……………………..

# HD–01

हिन्दी पद्य भाग-1 (प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य)

Bachelor of Arts (B. A.-10) Hindi

First Year, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 60**

नोट : यह प्रश्न पत्र साठ (60) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

1. निम्नलिखित में से किसी एक की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 10

(क) निरगुन कौन देस को बासी

मधुकर कहि समुझाइ सौंह दै, बूझति साँच न हाँसी

कोहै जनक, कौन है जननी, कौन नारि, कोदासी

कैसे बरन, भेष है कैसो, किहिं रस कैं अभिलाषी ?

पावैगो पुनि कियौ आपनौ, जो रे करैगो गाँसी

सुनत मौन है रह्यो बावरो 'सूर' सबै मति नासी।

(ख) रावरे रूप की रीति अनूप, नयो-नयो लागत ज्यौं ज्यौं निहारिये।
त्यों इन आँखिन बानि अनौखी अघानि कहूँ, नहिं आनि निहारियै।
एक ही जीव हुतौ सु तौ वार्‌यौ सुजान, सकोच औ सोच सराहियै।
रोकी रहै न दहै घनआनंद बावरी रीझ के हाथनि हारियै॥

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए : प्रत्येक 10

(क) हिन्दी की प्रेमाश्रयी काव्य परम्परा में जायसी का स्थान निर्धारित कीजिए।

(ख) कबीर की 'रहस्य भावना' पर एक सारगर्भित लेख लिखिए।

(ग) "बिहारी सतसई मूलतः श्रृंगार रस से ओत-प्रोत मुक्तक काव्य है जिसका प्रत्येक दोहा हिन्दी साहित्य का एक-एक रत्न माना जाता है।" इस कथन की सोदाहरण समीक्षा कीजिए।

(घ) 'पृथ्वीराज रासो' की प्रामाणिकता पर एक सारगर्भित लेख लिखिए।

## खण्ड–ख

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच (05) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. भक्तिकाल की ज्ञानाश्रयी शाखा के प्रमुख कवियों का परिचय दीजिए।
2. केशवदास की 'संवाद योजना' पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
3. कृष्णभक्ति शाखा के प्रमुख कवियों का परिचय दीजिए।
4. तुलसीदास की भक्ति की विशेषताएँ बताइये।
5. लक्षणा शब्दशक्ति की परिभाषा उदाहरण सहित समझाइये।
6. मीरा की भक्ति भावना पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
7. रस की परिभाषा देते हुए उसके भेदों के नाम बताइये।
8. रहीम के नीति विषयक दोहों पर प्रकाश डालिये।

## खण्ड–ग

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

सत्य/असत्य का चुनाव कीजिए :

1. 'कविप्रिया' केशवदास की रचना है।
2. आदिकाल को वीरगाथा काल भी कहा जाता है।
3. तुलसीदास कृष्ण भक्ति शाखा के कवि हैं।
4. बिहारी की कविता भक्तिपरक है।
5. मीराबाई की भाषा राजस्थानी है।

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

6. 'लाली मेरे लाल की जित देखों तित लाल' रचना .............. कवि की है। (केशव, कबीर, सूर)

7. 'अति सूधो सनेह को मारग है जहाँ नैकु सयानप बांक नहीं' पंक्तियाँ ………… कवि की हैं। (पद्‌माकर, घनानंद, मतिराम)

8. बिहारी, राजा ………… के राजकवि थे।
(जयंचद, जयसिंह, पृथ्वीराज चौहान)

9. तुलसी की भक्ति ………… प्रधान है। (सख्य, माधुर्य, विनय)

10. हिन्दी साहित्य के इतिहास के ………… में लक्षण ग्रंथों का निर्माण हुआ। (आदिकाल, आधुनिक काल, रीतिकाल)